एन. स्लैडकोव

जंगल में छुपे हुए घर

चित्र: वी. सिमोनोव

हिंदी: अरविन्द गुप्ता

जंगल घना, हरा-भरा था और जीव-जंतुओं की सरसराहट, चीख-पुकार और चहचहाहट से भरा हुआ था.

अचानक एक शिकारी जंगल में आया, और फिर हर कोई जीव छिप गया. उन्होंने अपने कान खड़े किए और वे सतर्क हो गए. पानी में फेंके गए पत्थर से उठने वाली लहरों की तरह अलार्म, एक पेड़ से दूसरे पेड़ और एक शाखा से दूसरी शाखा तक फैल गया. हर कोई किसी झाड़ी या टहनी के पीछे छिप गया, और फिर कोई हल्की ही चीख़ तक सुनाई नहीं दी.

यदि आप उन्हें देखना चाहें, तो आपको अदृश्य बनना होगा; यदि आप उन्हें सुनना चाहें, तो आपको सांस रोककर एकदम स्थिर खड़े रहना होगा.

मुझे यह पता है: तेज आंखें मुझे देख रही हैं और वे मेरी छोटी गीली नाक की दिशा से आ रही हवा को सूंघ रही हैं. आसपास कई छोटे जानवर और पक्षी हैं, लेकिन आप उनमें से किसी को ढूंढ नहीं पाएंगे!

मैं यहां स्कॉप्स उल्लू को देखने आया हूं. वो छोटा पक्षी, किसी स्टारलिंग चिड़िया जितना बड़ा.

वो लगातार चिल्लाता रहता है "मैं सो रहा हूँ!" स्ले-ई-ईपिंग! स्ले-ई-ईपिंग! स्ले-ई-ईपिंग!' जैसे पूरी रात जंगल की घड़ी टिक-टिक कर रही हो: "टिक-टॉक! टिक-टॉक!..."

भोर होते ही वो जंगल-घड़ी बंद हो जाएगी. फिर स्कॉप्स उल्लू चुप हो जाएगा और कहीं छिप जाएगा. वो इतनी चतुराई से छिपेगा जैसे कि वो कभी जंगल में था ही नहीं.

स्कॉप्स उल्लू की आवाज़ - रात की घड़ी की "टिक-टॉक" - किसने नहीं सुनी है? लेकिन स्कॉप्स उल्लू कैसा दिखता है? मैंने उसका केवल एक चित्र देखा था. और अब मैं उसे वास्तविक जीवन में देखना चाहता था, इसलिए मैंने पूरा दिन जंगल में बिताया, हर पेड़, हर शाखा और हर झाड़ी को खोजते हुए. मैं भूख से थक गया, लेकिन मुझे स्कॉप्स उल्लू कहीं नहीं मिला.

फिर मैं एक पुराने पेड़ के तने पर बैठ गया और कुछ देर वहीं रुका रहा, बिना कोई आवाज़ किए.

अचानक - वो कहां से आया? — मैंने एक छोटा सा सांप देखा! एक भूरे रंग का सांप, जिसकी पतली गर्दन पर एक चपटा छोटा सिर था. वो पतले तने पर एक कली की तरह दिख रहा था. वो सांप कहीं से रेंग कर आया था और सीधे मेरी आँखों में देख रहा था, मानो मुझसे कुछ उम्मीद कर रहा हो.

सांप बहुत चालाक होते हैं; ज़िंदा रहने के लिए उन्हें बहुत कुछ जानना होता है.

मैंने किसी परी कथा जैसे उससे पूछा:

"छोटे साँप, मुझे यह बताओ कि स्कॉप्स उल्लू - जो जंगल की घड़ी है - वो कहां छिपा है?"

सांप ने मुझे चिढ़ाया, उसने अपनी जीभ अंदर-बाहर लहराई और फिर वो घास में छिप गया.

...अचानक मेरे सामने जंगल की सारी गुप्त गुफायें खुल गईं.

एक लंबे रिबन की तरह सांप घास में सरसराता हुआ, दूसरे पेड़ के तने पर फिर से प्रकट हुआ और उसने काईदार जड़ों के नीचे गोता लगाया. जैसे ही उसने वहां गोता लगाया, नीले सिर वाली एक बड़ी हरी छिपकली ने उन जड़ों के नीचे से छलांग लगाई, जैसे किसी ने उसे जोर से धक्का दिया हो. छिपकली एक सूखे पत्ते पर सरसराती हुई एक छोटे से बिल में घुस गई.

वो बिल एक कुंद-नाक वाले फ़ील्ड वोल का गुप्त छेद था.

वोल, नीले सिर वाली छिपकली से डर गया. वो बिल से बाहर निकला - अंधेरे से दिन के उजाले में वो सभी जगह दौड़ा, फिर उसने एक लट्ठे के नीचे गोता लगाया.

फिर लट्ठे के नीचे से चीखने-चिल्लाने और हाथापाई की आवाजें आईं. वो एक और गुप्त रहस्य साबित हुआ. दो छोटे चूहे - पूरे दिन वहां पर सोए थे.

वे लट्ठे के नीचे से निकले - डर से उन्मत्त, उन्होंने अपनी पूंछे सीधी कीं - और फिर वे पेड़ पर चढ़ गए.

वे एक पल के लिए - "टुर्र-टुर्र" - बक-बक करने लगे, फिर से डर गए, और और और भी ऊपर भागे.

वहां पेड़ में एक छेद था.

चूहे उस छेद में गोता लगाना चाहते थे लेकिन प्रवेश द्वार पर वो किसी से आमने-सामने टकरा गए. वे दर्द से चीख़ने लगे, फिर से अंदर घुसे - और एक साथ छेद में गिर गए.

तभी वहां छेद से किसी ने छलांग लगाई - "ज़-ज़-ज़" - जंगल का एक छोटा भूत! उसके सिर के शीर्ष पर छोटे सींगों जैसे छोटे कान और गोल पीली आंखें थीं. वो एक शाखा पर बैठ गया, उसकी पीठ मेरी तरफ थी, और उसने अपना सिर गोल कर लिया, और वो लगातार मुझे घूरता रहा.

निःसंदेह, वो जंगल का कोई छोटा भूत नहीं था, बल्कि वो स्कोप्स उल्लू था - वो जंगल की रात्रि-घड़ी था!

इससे पहले कि मैं उससे कुछ कहता वो पत्तों में घुस गया.

वहां से चीख-पुकार और खींचतानी की आवाजें आने लगीं: शायद वो किसी अन्य जीव के छिपने का स्थान होगा.

इस तरह छोटे-छोटे जंगल के जीव एक पेड़ से दूसरे पेड़ पर, एक बिल से दूसरे बिल में, एक लट्ठे से दूसरे लट्ठे और एक झाड़ी से दूसरी झाड़ी की ओर दौड़ते रहे और मुझे अपने छोटे-छोटे गुप्त बिल और छिपने के छेद दिखाते रहे.

पूरे जंगल में एक पेड़ से दूसरे पेड़, एक झाड़ी से दूसरी झाड़ी तक अलार्म फैल गया, जैसे पानी में फेंके गए पत्थर से उठने वाली लहरें दूर तक फैलती हैं. फिर हर कोई जीव-जंतु छिप जाता था किसी झाड़ी के पीछे या वो किसी शाखा पर कूद जाता था - और फिर एकदम चुप रहता था.

यदि आप उन्हें देखना चाहते हैं तो आपको अदृश्य होना पड़ेगा. यदि आप उन्हें सुनना चाहते हैं तो आपको चुप होना पड़ेगा. यदि आप उनसे कुछ सीखना चाहते हैं, तो आपको सांस रोककर एक लम्बा इंतजार करना होगा.